BA-3, Paper-2

Topic - Political system of Switzerland

Date - 23.07.2022

Seema Kumari, Asst. Prof. (Pol. Sc.), RMC, VKSU.

स्वीटजरलैंड की राजनीतिक प्रणाली

स्वीटजरलैंड की जनसंख्या अनेक संजातीय (ethnic) और धार्मिक समूहों में बँटी है। यहां मुख्यतः अल्पाइन नार्डिक जाति के लोग रहते हैं। जर्मन, फ्रेंच, इटेलियन बोली बोलने वाले, रोमन कैथोलिक चर्च को मानने वाले, प्रोटेस्टेंट चर्च को मानने वाले, एवं अन्य धर्मों में आस्था रखने वाले लोग भी रहते हैं। इस तरह के समूहों में भिन्न-भिन्न विषयों पर सहमति होना मुश्किल है। स्वीस लोग सहवर्तनमूलक राजनीति (consociational Politics) में विश्वास करते हैं।

<u>सहवर्तनमूलक राजनीति</u> - ऐसी राजनीति जिसमें सारे निर्णय केवल बहुमत के आधार पर नहीं किए जाते बल्कि भिन्न-भिन्न समूह मिलकर निर्णय करते हैं सत्ता का प्रयोग करते हैं। सहवर्तनमूलक राजनीति के लिए राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया में नागरिकों की प्रत्यक्ष सहभागिता सर्वथा उपयुक्त सिद्ध होती है। इसके लिए साधारणतः दो विधियों का प्रयोग किया जाता है। उपक्रम (Initiative) और परिपृच्छा (Referendum) इसमें रिफ्रेंडम अधिक लोकप्रिय है।

<u>उपक्रम (Initiative)</u> - ऐसी विधि जिसमें किसी राजनीतिक निर्णय के लिए बुनियादी स्तर पर शुरुआत की जाती है, अर्थात इसमें कोई साधारण नागरिक या नागरिकों का समूह प्रस्तावित कानून या सांविधानिक संशोधन का प्रारूप तैयार करता है। यदि पंजीकृत मतदाताओं की निश्चित संख्या उस पर हस्ताक्षर कर देती है तो सरकार उसके पक्ष और विपक्ष में विधानमंडल या निर्वाचकमंडल में मतदान कराने को बाध्य होती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत साधारण मतदाता मनचाहा कानून बनवाने के लिए विधायकों पर आश्रित नहीं रह जाते बल्कि स्वयं भी इस दिशा में पहल कर सकते हैं। स्विटजरलैंड में यदि 1 लाख मतदाता सांविधानिक संशोधन पर हस्ताक्षर कर दें तो उसे दो वर्ष के भीतर

राष्ट्रव्यापी मतदान के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

परिपृच्छा (Referendum) – परिपृच्छा ऐसी विधि है जिसमें सरकार या संसद की प्रार्थना पर किसी महत्वपूर्ण मुद्दों पर जनसाधारण से मतदान कराया जाता है। इसका लक्ष्य कोई सांविधानिक संशोधन, नीति परिवर्तन या ऐसा विवादास्पद विषय हो सकता है जिस पर विधानमंडल अपना निर्णय दे चुका हो, और उस पर निर्वाचकमंडल का निर्णय अपेक्षित हो। यह मूलतः वैधता (legitimacy) प्राप्त करने का उपाय है। कभी कभी विपक्ष की कटु आलोचना से बचने के लिए सरकार अपनी लोकप्रियता से लाभ उठाकर अपने निर्णय पर लोकमत की स्वीकृति लगवा लेती है। स्विट्जरलैंड में पहले पहल श्वाइज कैंटन में 1294 में नीति के मुद्दे पर नागरिकों से प्रत्यक्ष मतदान कराया गया था। पहली राष्ट्रव्यापी रिफ्रेंडम 1802 में आयोजित की गई थी।

स्विट्जरलैंड की संसद जो कानून पारित करके परिपृच्छा के लिए भेजती है उनमें से एक तिहाई से ज्यादा जनता के द्वारा अस्वीकार कर दिए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में स्विस परिसंघ के अंतर्गत प्रति वर्ष चार से पांच बार विधि निर्माण के लिए उपक्रम की पद्धति अपनाई गई है। 1971 से 1997 तक स्वि॰ में 68 बार उपक्रम आधारित विधेयकों पर मतदान कराया गया जिसमें केवल 5 पर जनता की स्वीकृति प्राप्त हो पाई। स्विट॰ की राजनीतिक व्यवस्था वहां के लोगों के अनुकूल है। जो उन्हें प्रति व्यक्ति उच्चतम आय वाला देश बनाता है।

Scanned with CamScanner